पटना विश्वविद्यालय
Patna University

Estd. 1917



Patna University In News (20.10.2022)

छात्र संघ चुनाव में छात्राओं का वोट होगा निर्णायक
सबसे अधिक वोट पीडब्ल्यूसी और एमएमसी में

संवाददाता, पटना

पटना यूनिवर्सिटी के छात्र संघ चुनाव की घोषणा के बाद से छात्र संगठनों का प्रचार शुरु हो चुका है. 19 नवंबर को होने वाले छात्र संघ चुनाव के लिए पीयू की वेबसाइट पर वोटर लिस्ट जारी कर दिया गया है. वोटर लिस्ट पर 20 से 21 अक्तूबर तीन बजे तक आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं. इस बार के चुनाव में 24 हजार वोटर, वोटर लिस्ट में शामिल हैं. इसमें अच्छी खासी तादाद छात्राओं की भी है. छात्राओं का वोट छात्र संघ चुनाव में निर्णायक होने वाला है. जिस किसी संगठन को छात्राओं का वोट जाता है, वह विजेता होगा. इसी को देखते हुए यूनिवर्सिटी के सारे कॉलेजों में चहल-पहल बढ़ गयी है. खास कर महिला कॉलेजों के बाहर गतिविधियां तेज हो गयी हैं. पटना यूनिवर्सिटी में इस बार 24 हजार से अधिक वोटर हैं, जिनमें 50 प्रतिशत से ज्यादा महिला वोटर यानी छात्राएं हैं. सबसे अधिक पटना वीमेंस

कॉलेज में 5355 वोटर हैं. इसके बाद दूसरे स्थान पर मगध महिला कॉलेज में 3488 वोटर हैं. वोटर के मामले में तीसरे स्थान पर बीएन कॉलेज है. बीएन कॉलेज में 3209 वोटर हैं. पीडब्ल्यूसी, एमएमसी, पटना वीमेंस ट्रेनिंग कॉलेज व होम साइंस मिला कर 9,104 छात्राएं वोटर हैं. इसके आलावे अलग-अलग कॉलेजों व पीजी विभागों में लड़कियों की संख्या होगी. महिला कॉलेज की छात्राएं भी चुनाव को लेकर उत्साहित हैं. मगध महिला कॉलेज की छात्रा मौसम कुमारी कहती हैं कि इस बार मगध महिला कि छात्राएं चुनाव में अच्छे पदों पर जीत दर्ज करेंगी.

कॉलेज वार वोटर लिस्ट

पीडब्ल्यूसी :	5355
आर्ट कॉलेज :	221
एमएमसी :	3488
वीमेंस ट्रेनिंग कॉलेज :	199
बीएन कॉलेज :	3209
पटना ट्रेनिंग कॉलेज :	292
वाणिज्य महाविद्यालय :	1952
पटना कॉलेज :	2328
पटना सायंस कॉलेज :	1723
पटना लॉ कॉलेज :	387

फैकल्टी वाइज वोटर लिस्ट

- फैकल्टी ऑफ साइंस : 1154
- फैकल्टी ऑफ ह्यूमनिटी : 919
- फैकल्टी ऑफ सोशल साइंस : 2203
- फैकल्टी ऑफ कॉमर्स, एजुकेशन एंड लॉ : 561

नोट : कुल 23991 वोटर. इसमें म्यूजिक के व अन्य कुछ वोटर नहीं जुड़े हुए हैं.

प्रभात खबर Thu, 20 October 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/70598663

दैनिक भास्कर

छात्र संघ चुनाव की तैयारी में लगे छात्र संगठन, बैठकों का दौर हुआ शुरू

पटना | पटना विवि में छात्र संघ के चुनाव को लेकर जन अधिकार छात्र परिषद की बैठक हुई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह कुशवाहा, राष्ट्रीय महासचिव राजेश रंजन पप्पू तथा प्रदेश प्रधान महासचिव अवधेश लालू की विशेष उपस्थिति में राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम आनंद की अध्यक्षता में हुई। इसमें चुनाव में मजबूती से उतरने का निर्णय लिया गया। बैठक में शांतनु, परिषद के वरिष्ठ नेता दीपांकर, प्रेम, कुंदन, नीतीश शामिल थे। एआईडीएसओ विवि इकाई के सदस्यों की एक बैठक दरभंगा हाउस में हुई। इसमें बिहार राज्य उपाध्यक्ष निकोलाई शर्मा, राज्य सचिव विजय कुमार, पीयू के छात्र नेता पवन कुमार आदि मौजूद रहे।